शेफ संजीव कपूर का किरदार निभाएंगे अक्षय

पेज-12

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ पटना ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

पटना

बुधवार ● 22 मार्च ● 2023

12 पृष्ठ, मूल्य ₹ 4.00 ₹ 3.00

सर्राफा दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹59,480 | चांदी (प्रति किलो) ₹68,550 | शेयर सेंसेक्स 58,074.68 +445.73 | निफ्टी 17,107.50 + 119.10 | विनिमय दर ₹/$ 82.68 - 0.12 | मौसम (पटना) तापमान अधिकतम 25° | न्यूनतम 18°

किसी संस्थान की सफलता में टीम वर्क महत्वपूर्ण : अबू तमीम

समस्तीपुर (एसएनबी)। किसी संस्थान की सफलता में टीम वर्क की महती भूमिका होती है। हमें अपने अनुभवी व कुशल प्राध्यापकों, समर्पित सहयोगियों, एवं लगनशील प्रशिक्षुओं पर गर्व है जिनके सामुहिक योगदान के कारण ही हम नैक जांच में अपनी योग्यता साबित कर सके। उक्त बातें जिले का गौरव शहर के मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अध्यक्ष अबू तमीम ने महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। इस दौरान उन्होने सभी को बधाई और शुभकामनायें दी। बताते चलें कि मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की नैक जांच में सफलता में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं के अप्रतिम योगदान केलिए उनके सम्मान में एक

कुलपति को सम्मानित करते पदाधिकारी व अन्य।

सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज आर्ट्स एंड कॉमर्स प्रो. डॉ. अशोक कुमार मेहता का मिथिला की परम्परा के अनुसार पाग, चादर एवं मिथिला पेंटिंग से स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्रों को मेमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष मो अबू तमीम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के अन्त में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आगत अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मिथिला विश्वविद्यालय बीएड के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अरविंद मिलन, बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के प्राचार्य प्रो डॉ बिरेंद्र कुमार चौधरी, महिला कॉलेज समस्तीपुर की प्राचार्य डॉ सुनीता सिन्हा, आरएनएआर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रसाद, ओरिएंटल कॉलेज ऑफ एजुकेशन दरभंगा के प्राचार्य डॉ जीएम अंसारी, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंजुम वारिस, बीबी फातिमा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव अंजुम असगर, मौलाना मजहरूल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव मो अबू सईद आदि उपस्थित थे।